# जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 10.10.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 10.10.2025 को सुबह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0बी0 त्यागी, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 सूरजभान, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
7. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. इं0 सूर्याकान्त शाहू, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
9. श्री विनोद कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
10. श्री करूणानिधि पाण्डेय, विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, आलीपुर खेड़ा, मैनपुरी।
11. इं0 निवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

<u>योजनाओं की प्रगतिः–</u>

| क्र0सं0 | कम्पोनेन्ट कार्य का वितरण | लक्ष्य | गत माह समीक्षा बैठक की प्रगति | गत माह समीक्षा वर्तमान तक की प्रगति | कुल प्रगति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) | 259933 | 253024 | 253041 | 17 | 6892 |
| 2 | बाउण्ड्रीवाल | 541 | 454 | 457 | 3 | 84 |
| 3 | वितरण प्रणाली | 5928 | 5182 | 5187 | 5 | 741 |
| 4 | अवर जलाशय | 478 | 157 | 158 | 1 | 320 |
| 5 | पम्प हाउस | 541 | 444 | 445 | 1 | 96 |
| 6 | पम्प इंस्टालेशन | 541 | 530 | 532 | 2 | 9 |
| 7 | सोलर पैनल इंस्टालेशन | 471 | 433 | 433 | 0 | 38 |
| 8 | ई0वी0 कनेक्शन | 70 | 34 | 34 | 0 | 36 |
| 9 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 783 | 122 | 123 | 1 | 660 |
| 10 | हस्तानान्तरण/इनिशिएटेड | 418 | 12/29 | 12/29 | 0 | 377 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा गत माह समीक्षा बैठक से वर्तमान तक निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बहुत कम है, अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया, कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 के पास मशीनरी/मैनपावर का अभाव होने के कारण प्रगति प्राप्त नही की जा सकी। संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी लि0 को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कराते हुए आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे।

<u>हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि 783 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष मात्र 123 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। संयुक्त महाप्रबन्धक मै0 एन0सी0सी लि0 निर्देशित किया गया कि अवशेष राजस्व ग्रामों में पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कर जलापूर्ति कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे समस्त सहायक अभियंता, टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 अनुश्रवण और निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

<u>हस्तानान्तरण की स्थितिः–</u> अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 418 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 41 नग योजनाओं को पंचायतीराज विभाग के पोर्टल पर अपलोड करा दी गई हैं। अतयन्त धीमी प्रगति चिन्ताजनक है। हस्तान्तरण की कार्यवाही खण्ड विकास अधिकारी की देख रेख में पूर्ण की जानी चाहिए ताकि समन्वय बेहतर हो। परियोजनाओं को नियमानुसार गुणवक्ता पूर्ण करके हस्तानान्तरण शीघ्र सुनिश्चित कराया जाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी लि0 को निदेर्शित किया गया कि निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में 95 प्रतिशत से अधिक कार्यपूर्ण वाली योजनाओं पर पर्याप्त मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कराते हुए समस्त कार्यो को शतप्रतिशत पूर्ण कराकर हस्तान्तरित कराना सुनिश्चित करेंगे।

<u>सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः–</u> मा0 जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान द्वारा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल (I.G.R.S) जो अधिकतर सतत जलापूर्ति, गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी) तथा सड़क मरम्मत की शिकायते प्राप्त हो रही हैं, एवं ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़कें कई माह तक खुदी पड़ी रहती हैं जिससे आम जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। तदकम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सहायक अभियन्ताओं को जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से सतत समन्वय स्थापित करते हुए सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत के कार्य का सत्यापन एवं सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण ससमय कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया, समस्त सहायक अभियंता को निदेर्शित किया गया कि निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की मदवार रिपोर्ट आगामी समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। विकास खण्ड घिरोर, करहल, जागीर, एवं बेवर के सहायक अभियंता इं0 सी0बी0 त्यागी को समस्त कार्यो की प्रगति रिपोर्ट तथा सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत के सबन्ध में पूर्व समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये थे, परन्तु समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया, कि इनके द्वारा उपरोक्त विकास खण्डों की प्रगति रिपोर्ट अपडेट नही की गई। अतः इं0 सी0बी0 त्यागी सहायक अभियंता को चेतावनी दी जाती है, कि आगामी समीक्षा बैठक में अपने से सबन्धित उक्त विकास खण्डों में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट एवं सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगे।

letter- 37735 (B)

**मशीनरी / मैनपावरः–** डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि गत समीक्षा बैठक में संयुक्त महाप्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा वर्तमान में कार्यस्थल पर मात्र 237 मैनपावर उपलब्ध है तदक्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी / मैटेरियल आदि उपलब्ध कराते हुए मदवार मैनपावर की रिपोर्ट प्रतिदिन सुबह 12:00 बजे DWSM JJM MAINPURI ग्रुप में प्रेषित करेंगे। तद्नुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनाओं पर कार्यरत मैनपावर का स्थलीय सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे, जिससे योजना के समस्त कार्यो को ससमय पूर्ण कर अवर जलाशय से नियमित पेयजल आपूर्ति, हर घर जल प्रमाणीकरण एवं योजना हस्तान्तरण की प्रगति को बढ़ाया जा सके।

**डी0पी0एम0यू0:–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिस्ट्रिक कोर्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि आंवटित कार्यो को समयबद्व रूप से पूर्ण करेंगे, एवं समस्त सूचनाओं को डायरीबद्व करते हुए पूर्ण विवरण अपने पास संरक्षित रखेगे, एवं समस्त स्टाफ की डायरी का समय–समय पर अवलोकन करें, तथा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत होने वाली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

**टी0पी0आई0:–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व समीक्षा बैठक में जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया गया था कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डालने हेतु काटी गई सड़कों का डोर टू डोर सर्वे कर सड़क मरम्मत की स्थिति से अधिशासी अभियंता को अवगत करायें। परन्तु आज समीक्षा करने पर पाया गया कि इनके द्वारा अबतक मात्र 78 राजस्व ग्रामों का ही सत्यापन किया जा सका। अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 783 नग राजस्व ग्रामों से 302 राजस्व ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर दिया गया है एवं 481 नग राजस्व ग्राम शेष है। जिला परियोजना प्रबन्धक को निदेर्शित किया गया कि आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व शेष राजस्व ग्रामों का सत्यापन आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करेगे, तथा समस्त स्टाफ की डायरी का अवलोकन करना सुनिश्चित करेगें।

**अन्य बिन्दुः–** समीक्षा के दोरान संज्ञान में आया है कि आबादी से दूर स्थित जलकल प्रागणों में असामाजिक तत्वों द्वारा सोलर पैनल चोरी / क्षतिग्रस्त किये जाने एवं कॉपर केबिल चोरी किये जाने की काफी घटनाऐं हो रही है, जिससे योजनाओं से जलापूर्ति वाधित हो जाती है एवं नियमित जलापूर्ति वाधित होने के कारण शिकायतें / IGRS की संख्या बढ जाती है। जिसके समाधान हेतु पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर नजदीकी पुलिस चौकी से रात्रिगश्त का प्रबन्ध किया जायेगा जिससे उक्त घटनाओं पर रोक लगे एवं जनउपयोगी योजनाओं का लाभ निर्वाध रूप से जनमानस को प्रदान किया जा सके।

समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अनुमोदित

(नेहा बन्धु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।

पत्रांक– 10165 / बैठक का कार्यवृत्त/50 दिनांक– 25-10-2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
5. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
7. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
8. विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
9. संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

अधिशासी अभियंता